## मकान का आंगन अचानक धंसक गया, मची अफरा-तफरी

**शहडोल, देशबन्धु।** एक ही ग्राम पंचायत में लंबे समय से कुंडली मारे बैठे और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे ग्राम पंचायत के सचिवों की तबादला सूची जिला पंचायत में तैयार की जा रही है। तबादलों की सूची को लेकर खुराफाती सचिवों की नींद हराम है और उन्हें इस बात का डर सता रहा है, कि कहीं मलाईदार पंचायत से उन्हें हाथ न धोना पड़ जाए।



ऐसा ही एक सचिव ग्राम पंचायत गुढ़ा का हीरा प्रजापति है। सचिव हीरा ने ग्राम पंचायत गुढ़ा के निर्माण कार्यों में भी जमकर भ्रष्टाचार की बैटिंग की है। सचिव हीरा ग्राम पंचायत गुढ़ा में पिछले 3 साल से जमा हुआ है और यही कारण है कि वह अब फिर इसी ग्राम पंचायत में आगे भी डटे रहने की जुगत भिड़ा रहा है। 3 साल के दौरान इसके द्वारा ग्राम पंचायत गुढ़ा में कराए गए निर्माण कार्यों की यदि तकनीकी जांच कराई जाए तो वसूली की लंबी-चौड़ी राशि निकलने में देर न लगेगी।

इतना ही नहीं ग्राम पंचायत खन्नौधी में पदस्थ रहने के दौरान सचिव हीरा प्रजापति द्वारा किए गए सड़क निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों में गड़बड़ झाला के बाद इस पर धारा 92 की कार्रवाई भी की गई थी। अब देखना यह है, कि इसके कारनामों पर कार्रवाई की जाती है या एक बार फिर यह अपनी तिकड़म के चलते बच निकलता है।

### धारा 92 की हुई थी कार्यवाही

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सचिव हीरा प्रजापति इससे पहले जहां भी पदस्थ रहा, वह भ्रष्टाचार की चासनी में डूबा रहा। इसके पुराने कारनामों की फाइल अभी भी जिला पंचायत में दबी पड़ी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सचिव हीरा प्रजापति पूर्व में जब गोहपारु अंतर्गत ग्राम पंचायत बिशनपुरवा में पदस्थ रहा तब उसने आवास, शौचालय और खेल के मैदान में लाखों रुपए का खेल किया है। ऐसा बताया जा रहा है कि बिशनपुरवा में इसने पौधारोपण के पेड़ को कटवा कर रफा दफा कर दिया और वहां खेल मैदान बनवा दिया था। इन सब मामलों के जांच की फाइल अभी भी जिला पंचायत में लंबित है।

## खेत में काम कर रहे एक किसान पर भालू ने किया हमला, गंभीर

**शहडोल, देशबन्धु।** खेत में काम कर रहे एक किसान के ऊपर भालू ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। भालू के हमले में किसान के सिर पर गंभीर चोट पहुंची है। किसान को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल में भर्ती किया गया है। घटना जैतपुर वन परिक्षेत्र के कुम्हेडीन गांव की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किसान सुखलाल सिंह उम्र 46 वर्ष खेत में काम कर रहा था कि तभी भालू ने हमला कर उसे बुरी तरीके से जख्मी कर दिया। जब भालू ने अचानक सुखलाल पर हमला किया तो वहां मौजूद आसपास के लोगों ने जमकर चिल्लाना शुरू कर दिया। लोगों की भीड़ और हल्ला को देख भालू मौके से जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद परिजन घायल सुखलाल को लेकर जैतपुर अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।



## सार-समाचार

### तीन पदों पर आज संपन्न होगा अधिवक्ता संघ मझौली का चुनाव

**मझौली, देशबन्धु।** अधिवक्ता संघ के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर पुनः 2 वर्ष के लिए जिले में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है इसी कड़ी में मझौली अधिवक्ता संघ का चुनाव आज 4 जुलाई 2025 दिन शुक्रवार को तीन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए संपन्न हो रहा है। जिसके लिए निष्पक्षता पूर्ण चुनाव संपन्न कराए जाने को लेकर बार एसोसिएशन द्वारा एडवोकेट वीरेंद्र सिंह को निर्वाचन अधिकारी तथा एडवोकेट अशोक सिंह एवं अंकुर तिवारी को सह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि तीनों पदों में त्रिकोणी मुकाबला चल रहा है प्रत्याशी भी मतदाता अधिवक्ताओं से लगातार संपर्क कर रहे हैं जो तहसील एवं सिविल न्यायालय में इधर-उधर झुंड में खड़े देखे जा रहे हैं।

सह निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट अशोक सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि संघ में मुख्य रूप से 6 पद के लिए निर्वाचन संपन्न कराया जाता है जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष, सचिव, सहसचिव निर्वाचित होते हैं। तीन पद कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष, सहसचिव के एक-एक नामांकन फॉर्म दाखिल हुए हैं जो निर्विरोध रूप से निर्वाचित माने जाएंगे। तीन पद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं सचिव पद के लिए तीन-तीन नामांकन फॉर्म दाखिल है जिसमें अध्यक्ष के लिए एडवोकेट सुधीन्द्र कुमार शुक्ला, महेंद्र सिंह गौतम, रमेश शर्मा उपाध्यक्ष के लिए एडवोकेट कमलेश सिंह, द्वारिका प्रसाद वैस, मूल शंकर कचेर तथा सचिव पद के लिए एडवोकेट राजेश द्विवेदी, श्याम सुंदर कुशवाहा, श्याम कार्तिक पांडे ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं जिसके लिए 4 जुलाई को सुबह 10 बजे से शिविल न्यायालय मझौली में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी शाम तक परिणाम की घोषणा भी कर दी जाएगी।

### संजीब कुमार साहा ने संभाला परियोजना प्रमुख का कार्यभार

**सिंगरौली, देशबन्धु।** एनटीपीसी विंध्याचल में एक नई ऊर्जा, नई दिशा और नए संकल्प का संचार हुआ है। दिनांक 2 जुलाई 2025 को श्री संजीब कुमार साहा ने परियोजना प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक (विंध्याचल) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। एनटीपीसी में अपने 34 वर्षों के समर्पित सेवा अनुभव के साथ श्री साहा एक कुशल प्रशासक, तकनीकी विशेषज्ञ और प्रेरणादायी नेतृत्वकर्ता के रूप में विख्यात हैं। कोलकाता विश्वविद्यालय से विद्युत अभियंत्रण में स्नातक और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली से पावर सिस्टम में परास्नातक डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्होंने 1991 में एनटीपीसी में कार्य की शुरुआत की।



श्री साहा ने फरक्का, बदरपुर, लारा, कहलगांव, तेलंगाना और विंध्याचल जैसे प्रतिष्ठित विद्युत संयंत्रों में अपनी सेवाएं दी हैं और हर स्थान पर प्रचालन एवं अनुरक्षण में श्रेष्ठता का परिचय दिया है। उनके नेतृत्व में कई परियोजनाओं ने नई ऊँचाइयों को छुआ है। उनके व्यापक अनुभव, तकनीकी दृष्टिकोण और दूरदर्शिता से अब एनटीपीसी विंध्याचल को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है। श्री साहा के नेतृत्व में परियोजना प्रचालन, ऊर्जा उत्पादन और पर्यावरणीय दायित्वों के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनकर उभरेगी। पूरे एनटीपीसी विंध्याचल परिवार की ओर से उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयाँ। उनके नेतृत्व में विंध्याचल निःसंदेह नई सफलताओं का इतिहास रचेगा।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** थाना में शांति समिति आगामी त्यौहार 6 जुलाई मोहर्रम एवं हिंदुओं के त्यौहार नागपंचमी, राखी, कजलइया मिलन को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुस्लिम समाज, हिंदू समाज से शांति पूर्ण ढंग से त्यौहार मनाये जाने की अपील की। बैठक में प्रमुख रूप से सुमित गुर्जर तहसीलदार, अरुण कुमार पाण्डेय नगर निरिछक, मोहन पड़वार, व्यवसायी, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**दमोह, देशबन्धु।** तेजगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के बराखार में रहने वाले एक युवक को ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया है। युवक का एक पैर टूट गया है। घटना बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे जरूआखेड़ा के पास की है। घायल नीतेश सिंह 32 पिता नत्थू सिंह राजपूत ने बताया कि वह जब अपने घर लौट रहा था तोट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित

**शहडोल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस के अवसर पर कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए गुरुवार को बताया कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस के अवसर पर शहडोल भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन 4 जुलाई दिन शुक्रवार को किया जाएगा।



संगोष्ठी कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी पीतांबर टोपनानी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा करेगी।

## चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले की अमलाई पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अमलाई पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत फरियादी रविकांत त्रिपाठी निवासी रामपुर द्वारा अपने पुराने बंद घर से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

मामले में थाना अमलाई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान संदेही संतोष बैगा एवं लालदास बैगा, निवासी रामपुर से पूछताछ में दोनों के द्वारा ताला तोड़कर घर में घुसकर सामान चोरी करना तथा सामान का आपस में बंटवारा करना स्वीकार किया गया। उनके कब्जे से चोरी गई संपत्ति में से एलजी टीवी, रिसीवर, फूल की थाली, ट्रेक्टर का अल्टीनेटर व पंखा आदि कुल 14 हजार 300 सौ रुपये की मशरूका अमलाई पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है। अमलाई पुलिस ने बताया कि एक अन्य आरोपी द्वारा चोरी का कुछ सामान बेंच दिया गया है, जिसकी तलाश की जा रही है और चोरी गई शेष संपत्ति की बरामदगी एवं आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अमलाई जे.पी. शर्मा, विवेचना अधिकारी सउनि. अमृतलाल सिंह परस्ते, प्रधान आरक्षक ठाकुर दास एवं आरक्षक आकाश चन्द्रा की सराहनीय भूमिका रही।



## चंदिया में झमाझम बारिश से घरों में घुसा पानी

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में बुधवार रात से बारिश का दौर जारी है। जिले में 1 जून से 3 जुलाई तक 212.3 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की 77.5 मिलीमीटर बारिश से तीन गुना अधिक है। चंदिया क्षेत्र में सुबह 6 बजे से लगातार तेज बारिश हो रही है। वार्ड क्रमांक 8 के कुछ मकानों में पानी घुस गया है।



स्थानीय निवासी प्रकाश के अनुसार घरों में पानी भर जाने से लोगों को परेशानी हो रही है। सड़कों पर भी पानी जमा हो गया है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 1 जून से 3 जुलाई तक बारिश का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। बिलासपुर में सबसे अधिक 321.4 मिमी बारिश हुई है। चंदिया में 252.8 मिमी, बांधवगढ़ में 222.0 मिमी, मानपुर में 214.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## बारिश के बीच नदी में मछली पकड़ रहे लोग

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिले मे मानसून एक्टिव होने के चलते दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है। रुक रुककर हो रही झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त है। मानसूनी बारिश के चलते नदी नाले अपने उफान पर चल रहे हैं। इस बीच ऐसी खबर सामने आई जिसने प्रशासन के कान खड़े कर दिए हैं। बारिश के बीच लोग अपनी जान जोखिम में डालकर नदी में मछली पकड़ते हुए नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार डिंडोरी जिले में लगातार बारिश के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त है। नर्मदा समेत तमाम नदी, नालों का जल स्तर बढ़ रहा है। वहीं, जिले के सबसे बड़ा बांध बिलगढ़ा बांध के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी हुई है। इसके बावजूद लोग अपना जान जोखिम में डाल रहे हैं। ताजा मामला करौदी गांव के पास इंदौरी मार्ग का है। लोग सिलगी नदी में मछली पकड़ते दिखाई दे रहे हैं। जबकि बाढ़ से दूर रहने के लिए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है।



## प्रशिक्षण की सीख को जीवन में उतारना जरूरी : प्राचार्य

**हटा, देशबन्धु।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में पीएम जिले के पीएम श्री विद्यालय में अध्यापन कार्य करवाने वाले शिक्षकों का पांच-पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि सीखी हुई बातों को विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में स्थापित करना ही प्रशिक्षण की सफलता है। सहायक प्राध्यापक आरपी विश्वकर्मा ने शांति के लिए शिक्षा पर बात रखते हुए इसकी आवश्यकता को उजागर किया। प्रशिक्षण प्रभारी एके सिंह ने संवैधानिक मूल्यों की आवश्यकता और उपयोगिता की सार्थकता पर बात की।

## मुहर्रम को लेकर मझौली थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

**मझौली, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रवींद्र वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के निर्देशन व मार्गदर्शन में नवीन थाना प्रभारी विशाल शर्मा के द्वारा आज 3 जुलाई को आने वाले 7 जुलाई को ताजिया पर्व (मुहर्रम) एवं आगामी अन्य त्योहारों में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जहां प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि, पार्टी संगठन पदाधिकारी, पत्रकार एवं क्षेत्र के सभी वर्गों एवं जाति समुदाय के लोग शामिल रहे। बैठक के प्रारंभ में थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित लोगों से मनाए जाने वाले ताजिया पर्व (मुहर्रम) के गांव कस्बे की जानकारी ली गई। तथा शांति व सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराए जाने के लिए भी विस्तृत चर्चा करते हुए शांति व सद्भावना के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई। अन्य समुदाय के लोगों को समझाइए दी गई है कि किसी तरह से किसी वर्ग समुदाय के त्योहारों में अराजकता ना फैलाएं शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं खंड प्रशासन का सहयोग करें अन्यथा की स्थिति में दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी किसी भी हालत में बक्से नहीं जाएंगे।



बैठक में उपस्थित नायब तहसील मझौली आशीष मिश्रा द्वारा लोगों एवं पत्रकारों से अपील की गई की किसी भी दंगा, लड़ाई, झगड़े की संभावना पर तत्काल पुलिस एवं खंड प्रशासन को सूचित करें तथा आने वाले त्योहारों में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग दें। उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को आगामी त्योहारों में सतर्क रहने एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

## अनदेखी : शिक्षक नहीं लगा रहे ऑनलाइन हाजिरी

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार द्वारा एम शिक्षा मित्र एप को बदलकर। 3.0 एप में बदल दिया गया है, लेकिन शिक्षकों से ऑनलाइन हाजिरी लगवाने में सफल नहीं हुई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह 15 सालों के अपने कार्यकाल में हर बार प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भी ऑनलाइन हाजिरी लगवाने में असफल रही। जिसको आदेश पालन करवाने की जिम्मेदारी वही नहीं दिख रहे दिलचस्पी। जिले में शासन के आदेश को पालन करवाने का जिम्मा जिला के कलेक्टर का होता है। एक जुलाई से ऑनलाइन जो शिक्षक हाजरी नहीं लग रहे हैं, उनको स्कूलों को निरीक्षण कर उनके खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए शासन के आदेश को पालन करवाने के लिए कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को उतर जाना चाहिए, वहीं ब्लॉक स्तर पर एसडीएम की जिम्मेदारी, लेकिन कोई भी शिक्षा का ऑनलाइन हाजिरी नहीं लग रहा है, फिर भी कलेक्टर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

इसलिए जरूरी है ऑनलाइन हाजिरी- लंबे समय से यह शिकायत मिल रही है कि शिक्षक कोई ना कोई बहाना करके सरकार से मोटी तनख्वाह तो लेते हैं, लेकिन स्कूलों में समय पर नहीं आते। लोकल शिक्षक होने के कारण दिनभर उनके घर के काम बने रहते हैं, इसलिए आपस में समन्वय बनाकर स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। इसको यदि हम समझे तो यदि किसी स्कूल में पांच टीचर हैं, जिसमें तीन रेगुलर और दो अतिथि हैं 2 अतिथि और एक रेगुलर शिक्षक पहुंच जाते हैं बाकी गायब रहते हैं। इसी तरह से जिस दिन यह नहीं आए तो वह शिक्षक आ जाते हैं। इस तरह से आपसी लाल मेल से काम चला रहे हैं।

**ऑनलाइन हाजिरी में शिक्षक संघ बने रोड़ा**-मध्य प्रदेश में सरकार की लाख प्रयास के बाद ऑनलाइन हाजिरी नहीं लग रही है इसके लिए अध्यापक संघ जिम्मेदार क्योंकि शिक्षकों के मध्य प्रदेश में कई संगठन बने हुए हैं और उनके द्वारा ऑनलाइन हाजिरी लगाने से शिक्षकों को मना किया जा रहा है। एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमारे जिले में कोई नहीं लग रहा है।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर एक की मौत, एक घायल

### युवक, उमरिया के एनएच-43 पर हादसा

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में एनएच-43 पर करकेली बरही के पास एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक घायल हो गया है। घटना बुधवार रात तकरीबन 10 बजे की है। मृतक की पहचान मझगंवा सरसवाही निवासी सोनू कोल के रूप में हुई है। उनके साथी सागर रावत (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सागर रावत को डायल 100 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी देते हुए सागर ने बताया कि उनकी बाइक गुम गई थी। इसे खोजने के लिए वे आसपास के गांवों में घूम रहे थे। वापसी के दौरान बरही क्रेशर के पास ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल ने बताया कि घटनास्थल पर एम्बुलेंस नहीं पहुंची, जिसके कारण उन्हें डायल 100 की गाड़ी से अस्पताल लाया गया। गुरुवार को सोनू के शव का पोस्टमार्टम किया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। नौरोजाबाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

